संस्थान को वर्ष 2008 का प्रतिष्ठित राजर्षि टंडन राजभाषा प्रथम पुरस्कार प्राप्त

संस्थान को वर्ष 2008 के दौरान सरकारी काम–काज हिन्दी के प्रयोग में उल्लेखनीय योगदान के लिये 'क' एवं 'ख' क्षेत्र के अन्य संस्थानों की श्रेणी में प्रथम पुरस्कार परिषद के द्वारा दिनांक 16 जुलाई, 2009 को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर डा. फारूख अब्दुल्ला, केन्दीय मंत्री, गैर परम्परागत ऊर्जा, भारत सरकार द्वारा संस्थान के निदेशक, डा. महेश चन्द्र शर्मा एवं डा. हरिऔध तिवारी, प्रभारी (राजभाषा प्रकोष्ठ) को प्रदान किया गया। इस अवधि के दौरान संस्थान के वैज्ञानिकों, अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा अधिकतम विभागीय कार्य राजभाषा हिन्दी में किया गया। संस्थान के द्वारा इस अवधि के दौरान हिन्दी में 09 शोध पत्र, 15 शोध सार, 63 वैज्ञानिक लेख, 34 पैम्फलेट तथा 04 पुस्तके प्रकाशित की गयी।

नगर राजभाषा विकास समिति (नराकास), आगरा द्वारा संस्थान व निदेशक सम्मानित

संस्थान द्वारा वर्ष 2008–09 के दौरान अधिकांश विभागीय काम–काज राजभाषा हिन्दी किये जाने के उपलक्ष्य में नराकास की अध्यक्षा श्रीमती अर्चना रंजन, आयकर आयुक्त, आगरा द्वारा संस्थान को एक स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसी अवसर पर संस्थान के निदेशक डा. महेश चन्द्र शर्मा को कृषि एवं पशुपालन के क्षेत्र में उत्कृठ अनुसंधान कार्यों व उपलब्धियों के लिये व्यक्तिगत रूप से श्री दिग्विजय कुमार, पूर्व अध्यक्ष, नराकास, आगरा व आयकर आयुक्त द्वारा एक स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

संस्थान को वर्ष 2009 का प्रतिष्ठित राजर्षि टंडन राजभाषा प्रथम पुरस्कार प्राप्त

संस्थान को वर्ष 2009 के दौरान सरकारी काम–काज हिन्दी के प्रयोग में उल्लेखनीय योगदान के लिये 'क' एवं 'ख' क्षेत्र के अन्य संस्थानों की श्रेणी में प्रथम पुरस्कार परिषद के द्वारा दिनांक 16 जुलाई, 2010

को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर श्री शरद पवार केन्दीय मंत्री, कृषि, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री, भारत सरकार द्वारा संस्थान के निदेशक, डा. देवेन्द्र स्वरूप एवं डा. हरिऔध तिवारी, प्रभारी (राजभाषा प्रकोष्ठ) को प्रदान किया गया। इस अवधि के दौरान संस्थान के वैज्ञानिकों, अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा अधिकतम विभागीय कार्य राजभाषा हिन्दी में किया गया।

नगर राजभाषा विकास समिति (नराकास), मथुरा द्वारा संस्थान सम्मानित

संस्थान द्वारा वर्ष 2009–10 के दौरान विभागीय काम–काज उत्कृष्ठ स्तर पर राजभाषा हिन्दी किये जाने के उपलक्ष्य में केन्द्रीय गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग के अन्तर्गत कार्यरत नगर राज भाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), मथुरा द्वारा प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार दिनांक 28.10.10 को मथुरा, रिफाइनरी में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान श्री शैलेश कुमार सिंह, उप निदेशक (कार्यान्वयन) गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (उत्तर) गाजियाबाद के द्वारा संस्थान निदेशक डा. देवेन्द्र स्वरूप को एक चलवैजन्ती व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

दिनांक 28.10.2010 को श्री शैलेश कुमार सिंह, उप निदेशक (कार्यान्वयन) गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (उत्तर) गाजियाबाद के द्वारा संस्थान का भ्रमण किया गया तथा संस्थान के विभिन्न विभागों/अनुभागों में राजभाषा हिन्दी से सम्बन्धित किये जा रहे कार्य–कलापों का निरीक्षण तथा संतोष व्यक्त किया।